# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश : नई दिल्ली जिला

## पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली

## परिपत्र

आप सभी को सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली जिले के रोजमर्रा के कार्य में हिन्दी भाषा के प्रयोग को बढाने, इसका प्रचार प्रसार करने तथा कार्यालय कार्य हिन्दी में करने के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से एक कदम उठाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत जिले में तैनात सभी वर्गों के कर्मचारियों द्वारा अपने दिए जाने वाले अवकाश पत्र, अवकाश अनुभाग में हिन्दी भाषा में ही भेजे जाएंगे। साथ ही सभी न्यायलयों, अनुभागों, ईकाईयों व प्रकोष्ठों की उपस्थिति तालिका भी हिंदी भाषा में ही भेजी जानी चाहिए।

**कृप्या ध्यान दें–** सभी न्यायालयों व अनुभागों द्वारा उपस्थिति तालिका हिन्दी में प्राप्त होने की पुष्टि अवकाश अनुभाग पत्र के माध्यम से 15 दिनों के भीतर नई दिल्ली जिले के राजभाषा विभाग को करेंगे जो कि हिंदी अनुभाग द्वारा नोडल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी।

(पूनम अ. बाम्बा)
**जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
जिला न्यायालय, नई दिल्ली।
पटियाला हाऊस न्यायालय, नई दिल्ली।

संख्या 19106-19173/हिन्दी/पटियाला हाउस/2018 **नई दिल्ली, दिनांक** 2-8-18

**परिपत्र की प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित की जाती हैः–**

1) माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय दिल्ली, केन्द्रीय जिला, दिल्ली।
2) समस्त न्यायिक अधिकारी, नई दिल्ली जिला, पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली।
3) प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक), हिन्दी अनुभाग, जिला न्यायालय, केन्द्रीय जिला, दिल्ली।
4) समस्त प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक)/समस्त अनुभागों के अनुभाग प्रभारी, नई दिल्ली जिला, पटियाला हाउस न्यायालय, नई दिल्ली।
5) निजी सहायक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, नई दिल्ली।
6) वेबसाइट समिति, अंग्रेजी/हिन्दी जिला न्यायालय, दिल्ली। (इस अनुरोध सहित कि कृप्या इसे इंटरनेट पर प्रदर्शित करें)

**कृप्या ध्यान दें:–**समस्त न्यायिक अधिकारियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों (न्यायिक), प्रशासनिक अधिकारियों (न्यायिक) व अनुभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि आप अपने अधीनस्थ कार्यरत सभी कर्मचारियों को इस परिपत्र के अनुपालन हेतु अवगत करवाएं।

**नोडल अधिकारी / वरिष्ठ दीवानी न्यायाधीश**
हिन्दी कार्यान्वयन समिति
जिला न्यायालय, नई दिल्ली।

Scanned by CamScanner